रविवार

9 अक्टूबर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




राष्ट्र की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म 4


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## शहर के कार्यक्रम

- जिले के सभी प्रखंडों में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा हजरत मुहम्मद साहब का जन्मदिवस।
- जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान के रामलीला मंच पर राम जी की होगी ताजपोशी।

# लालू पर कसा शिकंजा, जमीन के बदले नौकरी मामले में चार्जशीट दायर

**केटी न्यूज/पटना**



- सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी, मीसा भारती समेत 16 लोगों को बनाया आरोपी

लालू प्रसाद की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रहीं। चारा घोटाला मामले में सजाफ्ता लालू प्रसाद इन दिनों जमानत पर जेल से बाहर हैं। कई गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लालू पर अब सीबीआई ने शिकंजा कस दिया है। जमीन के बदले नौकरी देने के मामले में सीबीआई ने लालू यादव, उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटी मीसा भारती समेत 16 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोप है कि 2004 से 2009 के बीच लालू के रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में कई लोगों को नियमों के खिलाफ जाकर नौकरियां दी गई थीं। इसके बदले में उनसे लालू परिवार के लोगों और उनके करीबियों के नाम जमीन लिखवाई गई। ये नौकरियां रेलवे में बिना किसी विज्ञापन के निकाली गई थी। अस्थायी तौर पर नियुक्ति के बाद नौकरी लेने वालों से जमीन गिफ्ट करवाई जाती थी। डील पूरी होने के बाद अस्थायी कर्मचारी को स्थायी कर दिया जाता था। लालू के सैकड़ों सगे-संबंधियों और करीबियों को इसी तरह रेलवे में नियुक्ति दी गई। इस मामले में लालू यादव के ओएसडी रहे भोला यादव को सीबीआई ने कुछ महीने पहले गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि भोला इस डील के मुख्य कर्ता-धर्ता हैं। उनपर आय से अधिक संपत्ति बनाने का भी आरोप है। इसके अलावा सीबीआई ने लालू परिवार और आरजेडी नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी। सीबीआई को पटना और अन्य इलाकों में कई जमीनों के सेल और गिफ्ट डीड मिले थे। सीबीआई ने इस मामले में शनिवार को बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के निजी सचिव संजय यादव से पूछताछ की।

### इनके खिलाफ चार्जशीट

1. लालू प्रसाद यादव, राजद अध्यक्ष
2. राबड़ी देवी, पूर्व मुख्यमंत्री, बिहार
3. मीसा भारती, लालू प्रसाद यादव की बड़ी बेटी और राज्यसभा सांसद
4. हेमा यादव, लालू प्रसाद यादव की बेटी
5. राजकुमार सिंह
6. मिथिलेश कुमार
7. अजय कुमार
8. संजय राय उर्फ संजय कुमार
9. धर्मेंद्र राय उर्फ धर्मेंद्र कुमार
10. विकास कुमार
11. पिंटू कुमार
12. दिलचंद्र कुमार
13. प्रेम चंद्र कुमार
14. लाल चंद्र कुमार
15. हृदयानंद चौधरी, गोपालगंज के मीरगंज निवासी
16. अभिषेक कुमार, बिहटा के बिडौल निवासी

### अप्लाई के तीसरे दिन जॉइनिंग

सीबीआई ने 23 सितंबर 2021 को रेलवे में कथित भूमि के बदले नौकरी घोटाले से संबंधित प्रारंभिक जांच दर्ज की थी, जिसे 18 मई को एक प्राथमिकी में बदल दिया गया था। एजेंसी के अनुसार, उम्मीदवारों को कथित तौर पर रेलवे अधिकारियों द्वारा 'अनुचित हड़बड़ी' में आवेदन करने के तीन दिनों के भीतर समूह डी पदों पर विकल्प के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में, 'व्यक्तियों ने स्वयं या उनके परिवार के सदस्यों ने अपनी जमीन हस्तांतरित कर दी थी। एजेंसी का आरोप है कि ये हस्तांतरण राबड़ी देवी और बेटियों मीसा भारती और हेमा यादव के नाम पर किया गया था। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि पटना में करीब 1.05 लाख वर्ग फुट जमीन लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों ने विक्रेताओं को नकद भुगतान कर अधिग्रहित की थी।

**संवैधानिक संस्थानों का दुरुपयोग कर रही बीजेपी: तेजस्वी**

सीबीआई की इस कार्रवाई पर भड़के तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया है कि बीजेपी संवैधानिक संस्थानों का दुरुपयोग कर रही है। उसे जब लगता है कि वह महागठबंधन को नहीं हरा पाएगी तो वह सीबीआई और ईडी का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि इस कार्रवाई के बाद अब ईडी भी आएगी, जांच के बाद चार्जशीट दायर करेगी।

## छोटी खबरें

### आज से नौ घंटे गायब रहेगी बिजली



**पटना।** बक्सर जिले के डुमराव अनुमण्डल क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में 9 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक बिजली मेंटेनेंस का काम होगा। इस दौरान सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक जर्जर तार पोल आदि बदलने का कार्य किया जाएगा। ऐसे में इस दौरान बिजली गायब रहेगी। जानकारी के अनुसार डुमरांव अनुमण्डल क्षेत्र के डुमरांव-बिक्रमगंज मार्ग स्थित ग्रामीणों इलाको में निर्वाध बिजली आपूर्ति देने के लिए मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। बिजली कम्पनी की ओर से बताया गया है कि चार दिन तक सुबह के 8 बजे ग्रामीण क्षेत्र के फीडर को बन्द कर शाम 5 बजे तक तार, पोल और प्वाइंट बॉक्स आदि को बदलने का कार्य किया जायेगा। इस दौरान बिजली व्यवस्था प्रभावित रहेगी।

### सुधा दूध के दाम में 2 रुपए बढ़ोतरी

**पटना।** बिहार में सुधा दूध के दाम में प्रति लीटर औसतन 2 रुपए की वृद्धि की गई है, जबकि फूल क्रीम दूध सुधा शक्ति की कीमत प्रति लीटर 3 रुपए बढ़ाए गए हैं। सुधा के दूध में पिछले डेढ़ साल में प्रति लीटर के दाम में 6 से 9 रुपए तक की वृद्धि की जा चुकी है। इस बार सुधा का दूध 11 अक्टूबर से 3 रुपए महंगा हो जाएगा। फुल क्रीम दूध की कीमत प्रति लीटर 56 रुपए से बढ़कर 59 रुपए होगी। सुधा शक्ति की कीमत 49 रुपए से बढ़ कर 51 रुपए होंगे। गाय दूध की कीमत बिहार में 46 रुपए से बढ़ कर 48 रुपए प्रति लीटर होगी। सुधा हेल्दी 44 रुपए से बढ़ कर 46 रुपए होंगे।

# रिविलगंज से सिताबदियारा तक बनेगा पीपा पुल

## लोकनायक जयप्रकाश की जयंती पर सीएम नीतीश कुमार ने की घोषणा

- देश में समानता और भाईचारे के लिए जेपी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत
- देश का प्रधानमंत्री कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो के नारे लगने पर मुस्कुरा रहे थे नीतीश

**केटी न्यूज/पटना**



लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सारण जिले के लोगों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने सारण जिले के रिविलगंज से जेपी के गांव सिताबदियारा तक पीपा पुल बनाए जाने की घोषणा की। शनिवार को जेपी की पुन्यतिथि पर उनके पैतृक गांव सिताबदियारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिरकत की। जेपी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करने के बाद कहा कि इस पुल के बन जाने से यूपी-बिहार दोनों सीमा के लोगों को आने-जाने में सहूलियत होगी। पीपा पुल के रास्ते सिताबदियारा से छपरा की दूरी 18 किमी हो जाएगी। अभी मांझी के जयप्रभा सेतु के रास्ते सिताबदियारा से छपरा की दूरी लगभग 35 किमी है। इस मौके पर नीतीश कुमारे ने कहा कि देश में समानता और भाईचारे के लिए लोकनायक जयप्रकाश नारायण के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। जेपी के विचार को वे आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। वह जेपी के शुरू से शिष्य रहे हैं। उनके नेतृत्व में हम लोगों ने आंदोलन किया। पूरी जिंदगी उनका प्यार मिलता रहा। नीतीश कुमार ने जेपी को याद करते हुए कहा कि उन्होंने स्कूल कॉलेज बंद करो, तो मैंने जी जान से काम किया। इसी के बाद मैं उनके करीब आ गया। सिताबदियारो दियारा पहुंचे सीएम ने लोकनायक की पत्नी प्रभावती देवी के नाम पर स्थापित स्वास्थ्य केंद्र का भी निरीक्षण किया। अस्पताल में तमाम सुविधाएं मुहैया कराने के साथ चिकित्सकों व एएनएम के लिए आवास बनाने की भी घोषणा की। गांवों की सड़कों को चौड़ी सीमेंटेड सड़क बनवाने सहित जेपी के गांव को विकास की हर कड़ी से जोड़ने की बात कही। इसके साथ ही सीएम ने सिताबदियारा में चल रहे कटाव निरोधी कार्यो का भी जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर जब तक नीतीश कुमार रहे तब तक जदयू कार्यकर्ताओं ने देश का प्रधानमंत्री कैसा हो नीतीश कुमार जैसा हो और नीतीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। जब कार्यकर्ता नारे लगा रहे थे तब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मुस्कुरा रहे थे। सीएम के साथ दीपक कुमार व प्रत्यय अमृत भी मौजूद थे।

### नीतीश कुमार ने प्रशांत किशोर पर बोला हमला, कहा- जदयू को कांग्रेस में मिलाना चाहते थे पीके

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर हमला बोला है। नीतीश ने कहा कि प्रशांत किशोर कुछ समय पहले हमारी पार्टी के कांग्रेस में विलय की सलाह दे रहे थे। प्रशांत किशोर अब भाजपा के साथ हैं, इसलिए वहां के हिसाब से बयानबाजी कर रहे हैं। नीतीश ने यह बातें मीडिया से बातचीत में कहीं। नीतीश कुमार ने कहा कि चार-पांच साल पहले प्रशांत किशोर ने उनसे आकर मिले थे। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अपनी पार्टी को कांग्रेस में मर्ज कर दीजिए। तब मैंने कहा था भला हम कांग्रेस में खुद को मर्ज करेंगे? हमने प्रशांत किशोर को नहीं बुलाया था, वह खुद ही आए थे हमसे मिलने। नीतीश ने कहा कि वह कुछ भी बोलते हैं तो हम नहीं बोलते। उन्होंने कहा कि प्रशांत जहां गए हैं, उसके हिसाब से बोल रहे हैं। अच्छा है, उनको वहां पर जगह मिल जाएगी। केंद्र सरकार से कुछ मदद मिल जाएगी। जब उनसे पूछा गया कि आपके कहने का मतलब है कि प्रशांत भाजपा से मिले हुए हैं तो नीतीश ने कहा कि यही है ही। जिस तरह से वह बोल रहे हैं, उससे यही साबित होता है।

# ललन सिंह ने जदयू छोड़ा, बीजेपी के टिकट पर लड़ सकते हैं उपचुनाव

- मोकामा से अनंत सिंह की पत्नी के खिलाफ विस उपचुनाव लड़ने की तैयारी,
- अनंत सिंह की विधानसभा सदस्यता खत्म होने के बाद मोकामा में हो रहा उपचुनाव

**केटी न्यूज/पटना**



मोकामा से जेडीयू नेता ललन सिंह ने शनिवार को पार्टी को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। मोकामा के बाहुबली विधायक अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के खिलाफ विधानसभा उपचुनाव में उनके खड़े होने की अटकलें हैं। ललन सिंह पिछले तीन बार से बाहुबली विधायक अनंत सिंह के खिलाफ मोकामा विधानसभा से चुनाव लड़ते आ रहे हैं। हालांकि वे कभी भी जीत नहीं पाए हैं। लेकिन इस बार जेडीयू महागठबंधन में शामिल हो गई है और जेडीयू की सहयोगी पार्टी आरजेडी से अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके बाद ललन सिंह ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कयास लगाए जा रहे हैं कि ललन सिंह को बीजेपी अपने उम्मीदवार के रूप में मोकामा विधानसभा सीट पर खड़ा कर सकती है। दरअसल मोकामा में पिछले कई बार से अनंत सिंह जीतते आ रहे थे। अनंत सिंह की सदस्यता खत्म होने के बाद मोकामा में उपचुनाव हो रहा है। यहां से आरजेडी ने अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को टिकट दिया है। नीलम देवी को टक्कर देने के लिए ललन सिंह भी मैदान में हैं। ललन सिंह को बीजेपी से टिकट मिलने की उम्मीद है। इससे पहले ललन सिंह दो बार लोक जनशक्ति पार्टी और एक बार जन अधिकार पार्टी से मोकामा विधानसभा में अपना किस्मत आजमा चुके हैं, लेकिन तीनों बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा है।

# बिहार में 10 स्टेट हाइवे बनाने का रास्ता साफ, 13 जिलों को होगा फायदा

### नीतीश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने लगाई मुहर

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में 10 स्टेट हाइवे बनाने के नीतीश सरकार के प्रस्ताव पर केंद्र सरकार ने मुहर लगा दी है। एशियन विकास बैंक (एडीबी) के सहयोग से इन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। पिछले दिनों विकास आयुक्त की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी ने कुल 500 सौ किमी लंबी इन सड़कों के निर्माण के प्रस्ताव पर मुहर लगाई थी। प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था। इन सड़कों के बनने से भागलपुर-मुजफ्फरपुर समेते 13 जिलों के लोगों को सीधा लाभ होगा। पथ निर्माण विभाग ने मौजूदा वित्तीय वर्ष में 10 स्टेट हाइवे और एक पुल बनाने का निर्णय लिया है। इसके तहत सुपौल में गणपतगंज से परवा तक 53 किमी लंबे एसएच का निर्माण होगा। छपरा और सीवान से होकर गुजरने वाली मांझी-दरौली गुठनी सड़क का निर्माण होगा। इसकी लंबाई 71.6 किलोमीटरे है।

इसी तरह बक्सर में 81 किमी लंबी ब्रह्मपुर-कोरानसराय-इटाढ़ी-सरंजा-जालीपुर सड़क बनेगी। नवादा औरे गया से होकर गुजरने वाली वनगंगा-जेठियन गहलोर-भिंडस स्टेट हाइवे बनेगा, जिसकी लंबाई 41.6 किमी है। भोजपुर में 32.3 किमी लंबी आरा-एकौना-खैरा सहार सड़क का निर्माण होगा।

### पटना स्टेशन के भूतल पर फिर से शुरू हुआ टिकट मिलना

**पटना।** भाजपा नेता एवं राज्यसभा सांसद विवेक ठाकुर के आग्रह पर पटना जंक्शन पर साधारण टिकट काउंटर को पूर्ववत भूतल पर किया गया। इससे यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। ज्ञात हो भाजपा सांसद विवेक ठाकुर ने पूर्व में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं दानापुर डीआरएम श्री प्रभात कुमार से मुलाकात कर साधारण टिकट काउंटर को प्रथम तल से पूर्ववत भूतल पर करने का आग्रह किया था।

# झारखंड में तैनात आरा के पुलिस अफसर के बेटे रवि कुमार की सड़क हादसे में मौत

### दोस्त की बर्थडे पार्टी में जाने के दौरान पटना के बेली रोड में हुआ हादसा

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में रहने वाले एक पुलिस अधिकारी के बेटे की पटना में सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के मौलाबाग मोहल्ला निवासी शिवजी राम का 22 वर्षीय पुत्र रवि कुमार था। जो बीए पार्ट वन का छात्र था और पिता के साथ झारखंड में रहकर पढ़ाई करता था। उसके पिता झारखंड पुलिस में अधिकारी हैं। छात्र रवि कुमार दशहरा में अपने घर आरा आया था। बताया जा रहा है शुक्रवार को वह आरा के अपने एक मित्र के साथ किसी दोस्त के बर्थडे पार्टी भाग लेने में बाइक से पटना जा रहा था। तभी बेली रोड में उसकी बाइक हादसे का शिकार हो गई। जिसमें उसकी मौत हो? गई। इधर, रवि की मौत की सूचना और शव आते ही उसके घर में कोहराम और रोना-धोना मच गया। बेटे के वियोग में मां का रो-रोकर बुरा हाल था। ड्यूटी पर तैनात पिता भी बेटे की मौत सूचना मिलने पर आरा पहुंच गये हैं। वहीं हादसे की खबर से मोहल्ले में भी मातम पसर गया।

# जगदानंद सिंह ने राजद से बनाई दूरी, कार्यालय आना छोड़ा

**केटी न्यूज/पटना**

नाराज चल रहे राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ने अब तक पार्टी और पद से अपना इस्तीफा नहीं दिया है। हालांकि इतना तो तय है कि उन्होंने पार्टी छोड़ने का मूड बना लिया है। ऐसा इसलिए भी कयास लगाए जा रहे हैं क्योंकि दिल्ली में रविवार से राजद की दो दिवसीय कार्य परिषद की बैठक होनेवाली है, इसमें अध्यक्ष पद पर लालू प्रसाद की 12वीं बार ताजपोशी होगी। इतने बड़े कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पार्टी के सारे पदाधिकारी दिल्ली पहुंचे चुके हैं। अन्य प्रदेशों के अध्यक्षों और प्रमुख नेताओं का भी आगमन हो चुका है। मगर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह का कहीं कोई अता-पता नहीं है। खबर यह है कि वह इन दिनों सासाराम स्थित अपने गांव में आराम फरमा रहे हैं। अपने पद से त्यागपत्र का प्रस्ताव वह पहले ही कर चुके हैं। हालांकि उन्हें रास्ते पर लाने की पहल की जा रही है।

इधर, सूचना यह भी है कि लालू परिवार इस बार उन्हें भाव देने के पक्ष में नहीं दिखाई दे रहा। अगर आसानी से मान गए तो ठीक नहीं तो उनके पास बाहर जाने का विकल्प खुला रहेगा। बेटे सुधाकर सिंह के मंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद से ही जगदानंद ने राजद और लालू परिवार से दूरी बना ली है। न वे किसी कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं, न ही उनका कोई बयान आ रहा है। यहां तक कि उन्होंने राजद कार्यालय भी आना छोड़ दिया है।

# सात घंटे के ऑपरेशन के बाद आखिरकार मारा गया आदमखोर बाघ

- लाख प्रयास के बाद भी जब काबू में नहीं आया, तो लिया गया मारने का फैसला

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार के वाल्मिकी टाइगर रिजर्व के जंगल से निकलकर आस-पास के गांव के नौ लोगों को अपना शिकार बनाने वाला आदमखोर बाघ आखिरकार मारा गया। इस नरभक्षी बाघ को करीब 7 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद शनिवार को बिहार पुलिस के शूटरों ने मार गिराया। बगहा इलाके में आतंक का पर्याय बना चुका यह नरभक्षी बाघ अब तक किसी तरह से काबू में नहीं आ रहा था, जिसके बाद आखिरकार वन पर्यावरण विभाग ने बाघ को मारने का निर्देश दिया था। इस बाघ की तलाश हाथियों के सहारे की जा रही थी। अब बाघ के मारे जाने के बाद बगहा में आदमखोर बाघ के दहशत अंत हुआ। बता दें, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन ने शुक्रवार को ही नरभक्षी बाघ को मारने के लिए शूटर की टीम गठित की थी। फॉरेस्ट विभाग और बगहा पुलिस की टीम ने साथ मिलकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया है. बीते, 12 सितंबर से लगातार इस आदमखोर बाघ का आतंक जारी था. वन विभाग को रेस्क्यू करने में अब तक सफलता नहीं मिल सकी थी जिसकी लिखित सूचना एनटीसीए को दे दी गई है। दरअसल, बगहा क्षेत्र में ही अब तक 9 लोगों को यह अपना शिकार बना चुका था। इस नरभक्षी बाघ का शिकार बन जाने से बगहा के जंगल किनारे बसे गांवों में आज हर ओर दहशत और भय का माहौल कायम हो गया था। दिन हो या फिर रात, बाघ की चहलकदमी ने ग्रामीणों के साथ वनकर्मियों की भी नींद उड़ा रखी थी। खेतों में ग्रामीण जाने से परहेज कर रहे थे और गांवों में लोग घर से भी झुंड बनाकर निकल रहे थे। वहीं ग्रामीण इसके विरुद्ध गोलबंद होकर वन विभाग के खिलाफ विरोध भी जता रहे थे। इस बीच स्थानीय निवासियों में आक्रोश को देखते हुए आदमखोर बाघ को मारने का आदेश दे दिया गया था।

## शहर छोटी खबरें

### चतुर्थवर्गीय कर्मी की ट्रेन से गिरकर मौत

**आरा।** स्थानीय रेलवे स्टेशन के दो नंबर प्लेटफार्म पर शनिवार की सुबह ट्रेन से गिरकर भवन निर्माण विभाग के एक चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी की मौत हो गई। ट्रेन से उतरने के दौरान पैर फिसल जाने के कारण वह गिर पड़े और उनकी जान चली गई। उनके पास से मिले परिचय पत्र के जरिए उनकी पहचान की गई। मृतक पटना के मनेर थाना क्षेत्र के कहाड़ी टोला गांव निवासी स्व. सूरत पासवान के 59 वर्षीय पुत्र किशुन पासवान थे। वर्तमान में वह आरा स्थित भवन निर्माण विभाग में चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। रेल पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उनकी पत्नी राजवंती देवी ने बताया कि वह रोज की तरह शनिवार की सुबह भी करीब सवा आठ बजे आरा आने के लिए अपने घर से निकले थे। उसके बाद वह बिहटा स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन से आरा स्थित भवन निर्माण विभाग अपने कार्यालय आ रहे थे। तभी हादसा हो गया। इधर, रेल पुलिस के अनुसार पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान गिर जाने और सिर में गंभीर चोट लगने के कारण कर्मचारी की मौत होना प्रतीत हो रहा है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी अपने दो भाइयों में बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी राजवंती देवी, पुत्र मुकेश कुमार, मिथिलेश कुमार, रोहित कुमार,अनीश कुमार, मेनका कुमारी और लता कुमारी है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी राजवंती देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था।

### 20 अक्टूबर से भरा जाएगा पार्ट वन की आवेदन फॉर्म

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू) के परीक्षा विभाग ने सत्र को नियमित करने की पूरी तैयारी कर ली है। इसके लिए स्नातक पार्ट वन सत्र 2021झ24 के परीक्षा की तैयारी शुरू कर दी गई है। परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 20 अक्टूबर से ऑनलाइन शुरू होगी। इसके बाद परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा फॉर्म भरने से पहले कॉलेजों में सत्र का पंजीयन विद्यार्थियों के बीच बांटा जा रहा है। परीक्षा विभाग को कुलपति प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने लंबित परीक्षाओं के आयोजन को लेकर दिशा निर्देश जारी किया है। वही स्नातक पार्ट 2 सत्र 2019-22 की परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

# अति पिछड़ों के आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच रही भाजपा : महानंद सिंह

- अरवल में प्रतिवाद सभा व मार्च निकालकर जनप्रतिनिधियों और नेताओं ने जताया विरोध
- भाजपा के ऊपर लगाए संगीन आरोप, लोगों को जागरूक होने का दिया संदेश

**केटी न्यूज/अरवल**

जिले में शनिवार को प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने भाजपा के ऊपर जमकर अपनी भड़ास निकाली। सभा को संबोधित करते हुए माले विधायक महानंद सिंह ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को स्थगित कराना भाजपा की चालक शर्मनाक है। भाजपा हाई कोर्ट के जरिए अचानक अंतिम चरण में पहुंचे चुनाव को स्थगित करवाया जाना कहीं से उचित नहीं है। 2007, 2012 एवं 2017 में नगर विकास मंत्रालय भाजपा के पास ही था। उनके कार्यकाल तक किसी कोर्ट या एजेंसी के द्वारा किसी तरह का अड़ंगा नहीं लगा। जैसे ही भाजपा बिहार सरकार से अलग हुई, तो बिहार में विकास कार्यों में एक एककर अड़ंगा लगाकर आम जनों को परेशान करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक स्तर एवं आर्थिक रूप से पिछड़े जातियों को नगर निकाय एवं पंचायतों में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उसी आरक्षण के आधार पर 2007 में पहली दफा चुनाव संपन्न हुआ। उस समय नगर विकास मंत्रालय बीजेपी के पास ही था, लेकिन किसी तरह का कोई अड़ंगा नहीं लगाया गया। तब से तीन बार नगर निकाय में आरक्षण के साथ चुनाव संपन्न हुआ है। उस दौरान किसी को कोई भी आपत्ति नहीं हुई। लेकिन जैसे ही इस बार सरकार से बीजेपी अलग हुई, तो कोर्ट के जरिए आरक्षण पर रोक लगाया गया है। ताकि, राज्य सरकार के द्वारा कराए जा रहे चुनाव को ही रद्द कर दिया गया।




प्रतिवाद मार्च में शामिल माले नेता और कार्यकर्ता।

विधायक ने सभा में मौजूद लोगों को बताया कि कोर्ट ने महज अति पिछड़ों के आरक्षण वाले सीट को रद्द कर अनारक्षित (सामान्य कोटा) करते हुए चुनाव कराने का फैसला सुनाया था। जबकि चुनाव आयोग ने हाईकोर्ट के उस फैसले के इतर अपने स्तर से पूरे चुनाव को ही रद्द कर दिया। यह लोकतंत्र के खिलाफ है और आम जनता के निचले स्तर पर लोकतांत्रिक निकायों के जरिए प्रतिनिधि चयन होने की प्रक्रिया पर ग्रहण लगाना है। कोर्ट के आदेश के अनुसार जिस तीन टेस्ट का हवाला देकर चुनाव रद्द किया गया है। यह कहीं से भी उचित नहीं है। क्योंकि बिहार में यह पहले से ही लागू है और सर्वमान्य रूप से चल रहा था। भाजपा की हमेशा से मंशा रही है कि जनता के पैसों का दुरुपयोग कर उन्हें तंग और तबाह किया जाए। यहां आम जनता को तबाह करने के साथ-साथ सरकारी पैसे की भी बबार्दी करवाने में भाजपा अपनी भूमिका निभा रही है। लोगों को भाजपा की इस चाल को समझना होगा। भाजपा के पक्ष में जनसमर्थन नहीं है, इसलिए वो कोर्ट, ईडी, सीबीआई एवं इनकम टैक्स के जरिए अपने विरोधी व बहुमत की सरकार को परेशान करने में लगी हुई है ।

सांसद ने कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सरकार आई है, जब से उसने सुप्रीम और हाई कोर्ट को भी पंगु बना दिया है। सीबीआई की तरह ही स्वायत्त संस्था भी अब अपनी पहचान खत्म करती जा रही है। इसका प्रतिकार और भंडाफोड़ करना जरूरी है। वहीं, अटल न्यूज के संपादक मो. जुबेर जैसे बलात्कारियों को माफी का मामला हो, राफेल घोटाला जांच करवाने का मामला हो, भाजपा के खिलाफ एक कदम नहीं उठा सकते। इसलिए सीबीआई की तरह ही कोर्ट को भी भाजपा अपने आठ सालों के कार्यकाल में बनाते चली जा रही है। संवैधानिक अधिकारों पर जब भी सरकार के द्वारा अतिक्रमण हुआ है, तब कोर्ट ने जनता के पक्ष में खड़ा होकर सरकार को पीछे हटने के लिए बाध्य किया है। जिसे कोर्ट को बरकार रखना चाहिए। प्रतिरोध सभा को माले के जिला सचिव जितेंद्र यादव, रविंद्र यादव, उपेंद्र पासवान, रामकुमार सिन्हा समेत कई नेताओं ने संबोधित किया। जिसके बाद प्रतिरोध मार्च भाकपा माले कार्यालय से निकाला गया। जिसमें भाकपा माले विधायक, जिला सचिव के अलावे राम कुमार सिन्हा, शोएब आलम, मिथिलेश यादव समेत भारी संख्या में नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

# मूर्ति विसर्जन करने गए दो छात्र बनास नदी में डूबे, शव निकालने में लग गए दो दिन

- एनडीआरएफ टीम की मांग को लेकर लोगों ने किया सड़क जाम
- उदवंतनगर थाना क्षेत्र के हरी टोला गांव स्थित बनास नदी से बरामद हुए दोनों शव



**केटी न्यूज/आरा**

जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव स्थित बनास नदी में डूबे दो छात्रों का शव बरामद कर लिया गया। दोनों शवों को स्थानीय थाना क्षेत्र के हली टोला व बड़का गांव के समीप बनास नदी से बरामद किया गया है। जिसमें एक शव को शुक्रवार की देरशाम, तो दूसरे का शव शनिवार की सुबह बरामद किया गया। छात्रों का शव मिलते ही लोगों के बीच अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृत छात्रों में एक जगदीशपुर थाना क्षेत्र के इसाढ़ी गांव वार्ड नंबर 11 निवासी लाल बहादुर सिंह का 16 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार है। जो दसवीं कक्षा का छात्र था एवं बरनांव हाई स्कूल में पढ़ता था। वहीं, जिस छात्र का शव शनिवार को मिला वो भी उसी गांव के निवासी राम अवधेश सिंह 16 वर्षीय पुत्र व मृत प्रेम कुमार का चचेरा भाई रोहित कुमार है। वह भी 10वीं कक्षा का छात्र है एवं जगदीशपुर स्थित संत जेवियर स्कूल में पढ़ता है।

### शुक्रवार की देर शाम मिला था प्रेम का शव

एनडीआरएफ टीम के कठिन परिश्रम के बाद प्रेम कुमार का शव स्थानीय थाना क्षेत्र के हरी टोला गांव स्थित बनास नदी से शुक्रवार की देरशाम बरामद हुआ। जबकि उसके चचेरे भाई रोहित कुमार की तलाश देररात की गई, लेकिन उसका शव नहीं मिल सका। जिसके बाद अंधेरा होने के कारण एनडीआरएफ की टीम ने तलाश बंद कर दी। शनिवार की सुबह टीम दोबारा नदी में उतरी। जहां बड़का गांव के समीप से रोहित का शव भी बरामद कर लिया गया। बताया जाता है कि मृत छात्र प्रेम कुमार अपने तीन बहन व एक भाई में सबसे छोटा था एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग था। मृत छात्र प्रेम कुमार के पिता लाल बहादुर सिंह दूसरे देश कतर में रहकर काम करते हैं। मृत प्रेम कुमार के परिवार में मां सोनाझारी देवी व तीन बहन बेबी, रेखा एवं रिंकी है। वहीं, रोहित कुमार भी अपने दो बहन एक भाई में सबसे छोटा है एवं अपने मां-बाप का इकलौता चिराग है। घटना के बाद मृत छात्र के घर में कोहराम मच गया है।

### आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे को लोगों ने कर दिया था जाम

इधर, मृतक के चचेरा भाई नगेन्द्र कुमार ने बताया कि वह दोनों गुरुवार की दोपहर मूर्ति विसर्जन करने के लिए असनी गांव स्थित बनास नदी आए थे। जहां मूर्ति विसर्जन करने के दौरान दोनों बनास नदी में डूब गए। जिसके बाद वहां मौजूद लड़कों ने इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। सूचना मिलते हैं दोनों के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनो की काफी खोजबीन की गई। लेकिन गुरुवार को दोनों नहीं मिल पाये थे। इसके बाद शुक्रवार को आक्रोशित परिजन एवं स्थानीय ग्रामीणों ने एनडीआरएफ टीम की मांग को लेकर आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे को असनी गांव के समीप जाम कर दिया था। करीब ढाई घंटे तक सड़क जाम रहा। सड़क जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारे लगी रही एवं आवागमन बाधित रहा। उधर सड़क जाम की सूचना पाकर जगदीशपुर थाना एवं उदवंतनगर थाना के मौके पर पहुंची और लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटवाया। इसके बाद उनके द्वारा एनडीआरएफ टीम को बुलाया। जिसके बाद टीम घटनास्थल पर पहुंची और खोजबीन शुरू कर दी।

## एक नजर

### अपनी मांगों को लेकर आयुष चिकित्सक 14 को तकनीकी सेवा आयोग का करेंगे घेराव




**जहानाबाद।** बिहार तकनीकी सेवा आयोग के द्वारा 3270 आयुष चिकित्सकों की नियमित बहाली प्रक्रिया को दो साल से भी ज्यादा समय से अनावश्यक रूप से विलंब किए जाने का मामला अब गर्म हो चुका है। जिसके विरोध में आयुष सर्विसेज एसोसिएसन ऑफ बिहार के आह्वान पर हो रहे आंदोलन का तीसरा चरण है। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों के साथ जहानाबाद जिला मुख्यालय में भी आयुष चिकित्सकों के द्वारा नियमित बहाली में हो रहे अनावश्यक विलंब के विरोध में अस्पताल मोड़ से समाहरणालय तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस कैंडल मार्च में जहानाबाद जिला में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) में कार्यरत सभी संविदा आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया एवं बिहार तकनीकी सेवा आयोग के खिलाफ अपना रोष प्रकट करते हुए नियमित बहाली की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरा करने की मांग की। आयुष चिकित्सा पदाधिकारियों के द्वारा ये भी बताया गया कि आंदोलन के अगले चरण में आगामी 14 अक्टूबर को बिहार के सभी आयुष चिकित्सक पटना पहुंचकर बिहार तकनीकी सेवा आयोग का घेराव करेंगे।

### सांप के काटने के बाद झाड़फूंक के चक्कर में चली गई दो किशोरियों की जान

**सासाराम।** जिले के शिवसागर प्रखण्ड के बिशुनपुर गांव में शनिवार को सर्पदंश से दो किशोरियों की मौत हो गई। दोनों एक ही कमरे में साथ सो रही थी। इस क्रम में शुक्रवार देर रात दोनों को सांप ने काट लिया। परिजन पहले झाड़-फूंक कराने लगे। जिससे इलाज में देरी हुई, फिर अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। सासाराम सदर अस्पताल में आए परिजन ने बताया कि स्व. बबून बिंद की बेटी पूनम कुमारी एवं शोभा बिंद की बेटी अंशु कुमारी घर में साथ सोई थी। देर रात दोनों को सांप ने काट लिया। पूनम ने अपनी मां को सांप काटने की बात बताई।

# महिला ने पति से तलाक के बाद किशोरी से रचाई शादी, गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में एक महिला और एक किशोरी की समलैंगिक शादी का मामला सामने आया है। जिसमें पति से तलाक के बाद एक जिले की एक महिला ने पटना की रहने वाली किशोरी से शादी रचा ली। हालांकि, महिला को किशोरी को अगवा करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, अगवा किशोरी को भी उसके घर से बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार महिला तरारी थाना क्षेत्र के सैदनपुर गांव की संजू देवी है। वहीं किशोरी पटना के दीधा थाना क्षेत्र की रहने वाली है। महिला व किशोरी आपस में रिश्तेदार बतायी जा रही है। महिला की गिरफ्तारी के बाद ही समलैंगिक शादी का मामला प्रकाश में आया है। पीरो एसडीपीओ राहुल सिंह की ओर से महिला की गिरफ्तारी की पुष्टि की गयी है। उन्होंने बताया कि महिला के खिलाफ पटना के दीधा थाना में अपहरण का केस दर्ज है। उसी मामले में पटना पुलिस उसे गिरफ्तार कर ले गयी है। महिला ने पुरूष बन किशोरी से शादी कर ली थी। पूछताछ में महिला द्वारा समलैंगिक शादी करने की बात स्वीकार की है। किशोरी के बयान दर्ज होने के बाद ही समलैंगिक शादी के बारे में कुछ क्लीयर होगा। पटना पुलिस द्वारा इस मामले में कार्रवाई की जाएगी। दरअसल मामला यह है कि पटना के दीधा इलाके से गत दिनों एक किशोरी को अगवा कर लिया गया था। उसे लेकर किशोरी की पिता द्वारा संजू देवी के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। उसके बाद मोबाइल ट्रैकिंग के आधार पर पटना पुलिस देर शाम तरारी पहुंची और स्थानीय थाने की मदद से उसे गिरफ्तार कर लिया।



**परिजनों के विरोध करने पर मंदिर में रचा ली शादी :**

इधर, गिरफ्तार संजू ने पुलिस को बताया कि दोनों द्वारा कोर्ट में समलैंगिक शादी की गयी है। दोनों पति-पत्नी की तरह एक-दूसरे के साथ रहना चाहती हैं। बताया जा रहा है कि तरारी के सैदनपुर गांव की रहने वाली संजू की शादी पास के बडकागांव निवासी राहुल साह के संग चार वर्ष पहले ही हुई थी। लेकिन, पति द्वारा कथित तौर पर संजू को छोड़ दिया गया था।

# बेलगाम बोलेरो की चपेट में आने से इलाज कराने जा रही महिला की मौत, एक जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में शनिवार को बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर इमादपुर थाना क्षेत्र के सहियारा के समीप एक बेलगाम बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, हादसे में बाइक चला रहा युवक भी बुरी तरह जख्मी हो गया। जिसका इलाज स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत महिला इमादपुर थाना क्षेत्र के जगजीवनपुर गांव निवासी प्रेम नाथ सिंह की पत्नी फुलवासो देवी (56 वर्षीया) थी। जख्मी युवक उसी गांव का लवकुश कुमार है। महिला उसके साथ इलाज कराने बाइक से खुटहा जा रही थी। इधर, हादसे के बाद लोग आक्रोशित हो उठे और रोड पर उतर गये। मुआवजे की मांग लोगों द्वारा सहियारा बाजार टोला गांव के समीप शव के साथ सड़क जाम कर दिया गया। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और मामले को शांत कराया गया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इस कारण स्टेट हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। हालांकि पुलिस सड़क जाम से इनकार कर रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि मौत की सूचना पर वह पहुंचे, तब वहां जाम नहीं था।

**चार दिनों से सर्दी-बुखार से थी पीड़ित, इलाज कराने जा रही थी महिला :** मृत महिला के भतीजे शिव दयाल सिंह ने बताया कि करीब चार दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। सर्दी और बुखार था, जिसको लेकर वह गांव के ही लवकुश कुमार के साथ बाइक से इलाज कराने खुटहा बाजार जा रही थी। उसी दौरान सहियारा बाजार टोला गांव के समीप पीछे आ से रही एक बेलगाम बोलेरो ने बाइक को रौंदते निकल गयी। उसमें उसकी चाची फुलवासो देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंदा, इलाज के दौरान एक भाई की मौत

- बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर इमादपुर इलाके में एक दिन में दो की गई जान

**केटी न्यूज/आरा**

जिले में बिहिया-स्टेट हाईवे पर इमादपुर थाना क्षेत्र के बिहटा गांव के पास शनिवार की शाम एक बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दो चचेरे भाइयों को रौंद दिया। इसमें एक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक बिहटा गांव निवासी नारायण सिंह का 28 वर्षीय पुत्र प्रकाश कुमार था। जबकि जख्मी अशोक कुमार सिंह का 24 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार है। उसे भी गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया है। हादसे को लेकर अफरातफरी मची रही। उधर, घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों शुक्रवार की दोपहर बाइक का सेल्फ ठीक कराने रोहतास के अमिआवर बाजार गये थे। शाम में दोनों बाइक से वापस लौट रहे थे। तभी गांव के समीप विपरीत दिशा से आ रहे बेलगाम ट्रक ने बाइक सवार दोनों को रौंद डाला। उसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद स्थानीय थाना की गश्ती टीम द्वारा दोनों को इलाज के लिए तरारी पीएचसी ले जाया गया। वहां से दोनों को आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान प्रकाश कुमार ने दम तोड़ दिया। वहीं सूरज कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर शनिवार को तेज रफ्तार का कहर टूटा। सड़क हादसे में एक दिन में दो लोगों की मौत हो गयी।

## समुदाय को स्वच्छता अभियान में शामिल करने की मुहिम तेज, लोगों को किया जा रहा जागरूक

# बच्चों ने अपने घरों के आसपास सफाई रखने का लिया संकल्प

- डोर टू डोर भ्रमण कर लोगों को दिया जा रहा स्वच्छता संदेश

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत हमारा स्वच्छ-सुंदर गांव अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में हमारा स्वच्छ-सुन्दर गांव अभियान अंतर्गत पंचायतों में चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का नेतृत्व उपविकास आयुक्त पारितोष कुमार कर रहे हैं। शनिवार को भी जहानाबाद जिला अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में चयनित सार्वजनिक स्थलों, धर्मिक स्थलों, स्कूल आदि विभिन्न जगहों पर व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। जिसका संचालन ग्राम स्तर पर कार्यरत स्वच्छाग्रही, स्वच्छता कर्मी, स्वच्छता पर्यवेक्षक, जन-प्रतिनिधि एवं आम जन के सहयोग से किया गया। साथ ही, समुदाय को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने एवं अभियान में सभी लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जैसे स्वच्छता चौपाल, सफाई-अभियान, जीविका समूहों द्वारा ग्रामीण महिलाओं के साथ बैठक, स्कूलों में बच्चों के साथ स्वच्छता जनजागरूकता अभियान का आयोजन कर स्वच्छ्ता संकल्प, खुले में शौच मुक्ति के लिए निगरानी एवं डोर टू डोर विजिट के दौरान लोगों को स्वच्छता संदेश, शौचालय के निरंतर प्रयोग एवं साफ-सफाई के महत्व, स्कूल रैली आदि विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।



स्वच्छता की शपथ लेते स्कूली बच्चे

**31 अक्टूबर तक होगा अभियान का संचालन :** बताया जाता है कि हमारा स्वच्छ-सुन्दर गांव अभियान का संचालन 31 अक्टूबर तक किया जाएगा। अभियान अंतर्गत सभी पंचायतों में दीवार पेंटिंग का कार्य भी कराया जा रहा है। जिसे समुदाय में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता आ सके। जीविका समूह की दीदियों के द्वारा भी इस अभियान में सहयोग किया जा रहा है। स्कूलों के बच्चों द्वारा गांव गांव मे स्वच्छता जन जागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता का अलख जगाया जा रहा है। सभी स्कूलों में बच्चों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई जा रही है। इस दौरान स्कूली बच्चों को स्वच्छता के बारे में विशेष जानकारी दी जा रही है। जिसमें उन्हें बताया जा रहा है कि अपने घरों को आसपास हमेशा साफ सफाई रखें तथा स्कूल को भी स्वच्छ रखने में सभी सहयोग करें। साथ ही, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर भी बच्चों को विशेष जानकारी दी जा रही है। जिससे गांव में कचड़ा प्रबंधन के प्रति भी घर घर जन जागरूकता आ सके। इस कार्य में पंचायत प्रतिनिधि भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और अपने पंचायतों में स्वच्छता का अलख जगा रहे हैं।

## शहर छोटी खबरें

### शहर के मासूम जुआ खेल की गिरफ्त में डुमरांव पुलिस मौन

**डुमरांव।** डुमरांव पुलिस थाना पुलिस की लापरवाही का परिणाम है। जुआरियों में पुलिस का भय नही रह गया। जिसका परिणाम है कि आज मासूम बच्चे भी जूआ रूपी दलदल में फंसते जा रहे। प्रशासन की नाक के नीचे जुआ खेलने में मशगूल हो गए हैं। डुमरांव के वार्ड नम्बर 6 के पकड़ी मुहल्ला काली मंदिर के पिछे चौक स्थान में जुआरियों के इस तरह खुले स्थान पर जुआ खेलने से यह लगता है कि उन्हें पुलिस प्रशासन का कोई भय नहीं है। पुलिस और अनुमंडल प्रशासन के नाक तले गैर कानूनी खेल खेला जा रहा है। लेकिन न तो पुलिस को इसकी कोई परवाह है और न ही जिला प्रशासन ने इन जुआरियों पर कोई कार्रवाई की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि पुलिस को इसकी खबर न हो लेकिन प्रशासन जान बूझकर इस गैर कानूनी खेल से अनजान बना बैठा है।

### पुलिस के लिए सिरदर्द बने हैं भूमि विवाद के मामले

**बक्सर।** भूमि विवाद की बढ़ती शिकायतें डुमरांव अनुमंडल पुलिस के लिए सिरदर्द बनती जा रही है। जमीन की आसमान छूती कीमतों के साथ ही तेजी से बढ़ी दलाली प्रथा तथा इसमें अपराधी चरित्र के लोगों के प्रवेश से जमीनी विवाद के शिकायतें कम होने के बजाय तेजी से बढ़ते जा रही है। जमीन के मामले में धोखधड़ी जबरन कब्जा जमीन की गलत रजिस्ट्री जैसी शिकायते आये दिन की बात हो गई है। विवाद के बाद दोनों पक्षों का तत्काल एकमात्र सहारा थाना है। थाना की स्थिति ऐसी है कि हरेक दस में करीब सात शिकायत जमीन विवाद के आ रहे है। पिछले दो सालों पुलिस की ऑकड़ों को देखा जाए तो अनुमंडल में 630 से अधिक एफआइआर दर्ज है। जमीन की कीमत अधिक होने से अपराधी प्रवृति के लोगों तथा रसूखदारों की नजर भी विवादित जमीन पर रहती है।

### नदी में उतराया मिला लापता पशुपालक का शव

**नावानगर।** जिले के नावानगर के थाना क्षेत्र के भरकुंडा गांव से गुरुवार को पशु चराने के दौरान लापता हुए मोतीलाल यादव का शव शनिवार को सिकरौल लख के पास कांव नदी में उतराया मिला। शव पानी की धारा के साथ बहते हुए मथौली की तरफ जा रहा था। पुलिस ने शव को पानी से निकलवाया तथा मोतीलाल के परिजनों को बुलवा शिनाख्त करवाई। उनके पुत्र हरेराम सिंह शव को देखते ही फफक पड़े।

# प्रभु श्रीराम और भरत का मिलाप देख भाव विभोर हो उठे बक्सरवासी, जयघोष से चहुंओर गूंजती रही फिजा











**केटी न्यूज/बक्सर**

जिला मुख्यालय स्थित किला मैदान के रामलीला मंच पर आयोजित 21 दिवसीय विजयादशमी महोत्सव अब अपने अंतिम पड़ाव पर है। महोत्सव के 20वें दिन शुक्रवार की रात शहर के बीचोंबीच जमुना चौक पर रामलीला के प्रमुख प्रसंग भरत मिलाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन सदर डीएसपी गोरख राम ने किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी प्रियंका राय, बीडीओ दीपचंद जोशी, टाउन थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन के पश्चात समिति के सदस्यों ने सभी आगत अतिथियों को अंगवस्त्र के रूप में प्रभु श्रीराम का पट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया। उसके बाद वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध रामलीला मंडल श्री श्यामा श्याम रासलीला संस्थान के स्वामी श्री नन्दकिशोर रासाचार्य जी के सफल निर्देशन में दिखाया गया। जिसमें कलाकारों ने दखाया कि किस प्रकार रावण का वध करने के पश्चात प्रभु श्रीराम, अंगद सुग्रीव, विभीषण इत्यादि सहित पुष्पक विमान पर सवार होकर अयोध्यापुरी के लिए प्रस्थान करते हैं।

**ब्राहमण वेश में हनुमान ने भरत को दी प्रभु के आने की सूचना :**

इधर प्रभु श्रीराम के आने की अवधि के एक दिन शेष रह जाने पर दुःखी भरत मन में विचार करते हैं कि मेरे प्राणों का सिर्फ एक दिन शेष रह गया है। अगर मेरे स्वामी नहीं आते हैं, तो मुझे जीने का कोई अधिकार नहीं है। मैं अपने प्राणों का परित्याग कर दूंगा। उसी समय हनुमान जी ब्राह्मण के वेश में भरत जी के पास आते हैं और उन्हें प्रभु श्रीराम के आगमन की जानकारी देते हैं। भरतजी गुरु वशिष्ट सहित सभी को प्रभु के आने की खबर देते हैं। यह सुनकर नगरवासी खुशी से झूमने लगते हैं। अटारियों से प्रभु की झलक पाने को अयोध्या की महिलाएं बेताब हो जाती हैं। भगवान की आरती व स्वागत के लिए माताएं थाल सजाने लगती है। इधर हनुमान जी भरत को समाचार देने के पश्चात प्रभु श्री राम के पास लौट कर आते हैं, और घर की कुशलता बताते हैं। राम पुष्पक विमान पर बैठे हुए बंदर और भालू को दूर से ही अपनी जन्मभूमि दिखाते हुए उसका बखान करते हैं। नगर वासियों को अयोध्या पुरी के द्वार पर आते देख प्रभु अपनी पुष्पक विमान को नगर के बाहर ही उतारते है और पुष्पक विमान को लौटा देते हैं। गुरु वशिष्ट नगर के द्वार पर देखकर लक्ष्मण सहित श्रीराम धनुष बाण छोड़कर उनके चरण स्पर्श करते हैं। इधर भरत जी अपने प्रभु श्रीराम के चरणों से लिपट जाते हैं और प्रेमासुओं की धारा तीव्र रूप से चलने लगती है। श्रीराम उन्हें चरणों से उठाकर गले लगाते हैं। शत्रुघ्न से गले लगते हैं। खुशी से सबकी आंखों से प्रेम आंसू झलकने लगता है और चारों तरफ जय श्रीराम के जयकारे गूंज उठते है। सरयू का जल निर्मल हो जाता है और अवधपुरी के पशु पक्षी, पेड़ पौधे उत्साहित हो जाते हैं, पूरा माहौल खुशनुमा हो जाता है।

### पूजा समितियों द्वारा निकाली गई लाग और झांकी



भरत मिलाप के मंचन करते हुए दिखाया गया कि भगवान श्रीराम का रथ नगर के कृष्णा सिनेमा रोड स्थित प्रदुमन जी के हाता से नगर भ्रमण करते हुए जमुना चौक पर मध्य रात्रि को पहुंचता है। वहीं, स्थानीय मल्लाह टोली स्थित हनुमान मंदिर से भरत जी का रथ सड़क मार्ग से जमुना चौक पर पहुंचता है, जहां भरत मिलाप का दृश्य मंचित होता है। इस दौरान नगर के विभिन्न पूजा पंडालों व पूजा समितियों द्वारा कुल 18 आकर्षक लाग व झांकी निकाली गई। विभिन्न संस्थाओं द्वारा निकाले गये लाग और झांकी को भरत मिलाप आयोजन समिति के संयोजक तारकेश्वर प्रसाद सर्राफ एवं सह संयोजक मूलचन्द सर्राफ उर्फ टुनटुन सर्राफ की तरफ से नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। भगवान राम के रथ के नगर भ्रमण के दौरान नगर वासियों द्वारा जगह जगह भगवान का पूजन, आरती और स्वागत किया गया। इस प्रंसग को देखकर श्रद्धालु भावुक हो जाते हैं और सभी की आंखें नम हो गईं। वहां उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच से लगातार हो रहे जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा इलाका गूंज उठा। वहीं, कार्यक्रम के समापन पर समिति के सचिव बैकुण्ठ नाथ शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों में उदय सर्राफ उर्फ जोखन, रमेश वर्मा, विनय कुमार केसरी, पूर्व प्रत्याशी परशुराम चतुवेर्दी, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव श्रवण कुमार तिवारी, लायन डॉ. अतुल मेहरोत्रा, सुमित मानसिंहका, करतार सिंह चौकी वाले, राजकुमार गुप्ता के अलावे समिति के अन्य पदाधिकारी व सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



# सोनवर्षा में आठ युवकों ने दुकान में घुसकर कपड़ा दुकानदार से की मारपीट, 40 हजार रुपए भी छीने

- आरोपी ने भी दुकानदार पर मारपीट व आभूषण छीनने का लगाया आरोप

**केटी न्यूज/नावानगर**



सोनवर्षा ओपी थाना अंतर्गत स्थानीय बाजार के एक कपड़ा दुकानदार ने गांव के ही आठ युवकों पर दुकान में घुसकर मारपीट करने तथा काउंटर से चालीस हजार रुपये लूट का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराया है। जबकि आरोपियों में से एक युवक ने भी उक्त दुकानदार पर घर में घुस मारपीट करने तथा आभूषण तथा मोबाइल फोन छिनने का आरोप लगाया है। पुलिस दोनों आवेदन दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार एक पक्ष के सोनवर्षा बाजार के कपड़ा विक्रेता तथा दीपक वस्त्रालय के प्रोपराईटर दीपक कुमार ने बताया है कि शुक्रवार को गांव के विकेश पटेल उर्फ विकेश प्रकाश ने एक कपड़ा खरीदा था जिसे लौटाने आया था। लेकिन मैने कहा कि यह कपड़ा काटा जा चुका है जिसे लौटाया नहीं जा सकता है। जिसके बाद विकेश तथा उसके साथ आए तेतर पटेल, रितेश कुमार समेत आठ युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान काउंटर से 40 हजार रुपये भी उन लोगों ने निकाल लिए। वहीं, विकेश ने बताया है कि वह अपने घर पर था तभी दीपक और विशाल सिंह आए तथा उसे मारपीटकर उसके गले से 20 ग्राम की सोने की सिकड़ी, सोना की दो अंगूठी एक लाकेट तथा एक मोबाईल छिन लिए। सोनवर्षा ओपी थानाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि मामले की तफ्तीश की जा रही है। वैसे सूत्रों का कहना है कि मामला आपसी विवाद से जुड़ा है।

# डुमरांव के डीएसपी ने की क्राइम मीटिंग बोले, जीरो टॉलरेंस नीति अपनाएं थानेदार

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के प्रभारी डीएसपी कुमार वैभव ने शनिवार को अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों के साथ क्राइम मीटिंग कर उन्हें अपराध नियंत्रण तथा फरार अपराधियों की गिरफ्तारी सहित क्राइम के जीरो टॉलरेंस के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। संभवतः कुमार वैभव के नेतृत्व में यह पहली क्राइम मीटिंग भी थी। जिस कारण वे पूरे तेवर में नजर आए। उन्होंने थानाध्यक्षों से शराब तस्करी रोकने, तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने तथा शराबबंदी कानून को धरातल पर उतारने के लिए लोगों का सहयोग लेने तथा जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि क्राइम कंट्रोल के जीरो टॉलरेंस के लक्ष्य को पाने के लिए पब्लिक का सहयोग जरूरी है। यह तभी संभव है जब पुलिस आम लोगों से मित्रवत रहे। लोगों का भरोसा जीतकर ही हम उनसे सहयोग ले सकते है। एसडीपीओ ने पुलिस गश्त तेज करने, बैंकों की सुरक्षा बढ़ाने, फरार अपराधियों व वारंटियों को गिरफ्तार करने सहित कई अन्य निर्देश भी दिए है।

एसडीपीओ के निशाने पर विभिन्न थानों में लंबित पड़े कांड रहे। एसडीपीओ ने लंबित कांडो के शीघ्र निष्पादन के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने एंटी रोमियों अभियान और बाइक चेकिंग अभियान को और तेज करने, पुलिस को पब्लिक फ्रैंडली बनने तथा महिला उत्पीड़न के मामलों पर रोक लगाने के निर्देश दिए।

इस दौरान डुमरांव थानाध्यक्ष बिंदेश्वर राम, नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय, कोरान सराय थानाध्यक्ष जुनैद आलम, नया भोजपुर ओपी के थानाध्यक्ष सुबोध कुमार, सिमरी थानाध्यक्ष सुनील कुमार निर्झर, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद, कृष्णाब्रह्म थानाध्यक्ष संतोष कुमार समेत कई अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, डुमरांव ने मनाई अंतिम हिंदू सम्राट हेमु साह की जयंती



**डुमरांव।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, डुमरांव ने भारतवर्ष के अंतिम हिन्दू सम्राट तथा रौनियार वंश के कुलभूषण महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य हेमु साह का विजय दिवस डुमरांव के एक निजी सभागार में बहुत ही धूमधाम से मनाया। महासभा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि महाराज हेमु साह का जन्म दो अक्टूबर 1501 में राजस्थान में अलवर जिले के मछेरी गांव में हुआ था। ये मुगल शासकों से कई युद्ध किए तथा सभी में विजयी हुए। सात अक्टूबर 1556 को इनका राज्याभिषेक हुआ था। ये अंतिम हिन्दू सम्राट थे। इस दिन भारतवर्ष के सभी लोग विजय दिवस के रूप में मनाते है। इनके बाद अकबर ने संपूर्ण भारत में मुगल वंश को स्थापित कर दिया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के नगर अध्यक्ष अजय कुमार ने व संचालन और आगत अतिथियों का स्वागत संयोजक मोहन गुप्ता ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन सचिव केके गुप्ता ने किया। सर्वप्रथम महाराजा हेमु साह के तैल चित्र पर कार्यकरणी सदस्यो के साथ साथ सभी सदस्यों ने फूल और माला चढ़ाकर माल्यार्पण किया सभी लोगों ने महाराजा हेमचंद्र विक्रमादित्य के जीवनी पर प्रकाश डाला। वक्ताओं में रमेश रौनियार, सचिव के के गुप्ता और मोहन गुप्ता आदि थे। मौके पर अजय कुमार, तुलशी प्रसाद, मनोज गुप्ता, मनोज कुमार, ओमप्रकाश, उमेश गुप्ता, रामबाबू गुप्ता, गोपाल, राकेश कुमार, तारकेश्वर प्रसाद, राजू प्रसाद, सुरेश प्रसाद, उमेश, बिनोद कुमार, गुदुल कुमार और हीरालाल सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### खाद्यान्न की कालाबाजारी के शक में ग्रामीणों ने अनाज लदे टेम्पू को घंटों अपने कब्जे में रखा

**सिमरी।** शनिवार को थाना क्षेत्र के सिमरी-भोजपुर मार्ग पर नगवा गांव के समीप ग्रामीणों ने एक अनाज लदे टेम्पू को रोक घंटो तक अपने कब्जे में रखा। ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त वाहन चालक सरकारी अनाज की कालाबाजारी कर बाजार में बेचने जा रहा है। बताया जा रहा है कि पड़री के तरफ से एक टेंपू पर 16 बोरी अनाज लोड कर वाहन चालक पुराना भोजपुर की तरफ जा रहा था। तभी ग्रामीणों को आशंका हुई कि यह अनाज भारतीय खाद्य निगम का है और वाहन चालक इसकी बिक्री करने के लिए बाजार ले जा रहा है। इसी बात की आशंका पर ग्रामीणों द्वारा उक्त वाहन को रोक कर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति कुमारी को सूचित किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा अनाज की जांच की गई। जांच के दौरान उनके द्वारा बताया गया कि यह अनाज भारतीय खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा निर्गत नहीं किया गया है। हालांकि, ग्रामीणों की माने तो वाहन चालक द्वारा ग्रामीणों के सामने ये स्वीकार किया गया था कि उक्त अनाज किसी सरकारी डीलर द्वारा बाजार में बिक्री करने के लिए दिया गया था।

# शहर में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से बढ़ा डेंगू-मलेरिया का खतरा

- गंदे जल के जमाव व कूड़ा कचरा डंपिंग से डेंगू का जोन बन सकता है डुमरांव
- जलजमाव वाले क्षेत्र में नगर परिषद नहीं करा रहा कीटनाशक का छिड़काव, स्वास्थ्य विभाग व प्रशासन

**केटी न्यूज/डुमरांव**



शहर की सीमा पर फेंका गया कचरा, गंदे पानी के जमाव से डेंगू का खतरा बढ़ा।

डुमरांव नगर परिषद के उदासीन रवैया शहरवासियों पर भारी पड़ सकती है। बरसात के इस मौसम में शहर का बड़ा हिस्सा अभी भी जलजमाव की चपेट में है। मौसम के अनुरूप मच्छरों के प्रभाव में वृद्धि होने लगा है। मच्छरों के प्रभाव से डेंगू मलेरिया जैसे घातक रोग का खतरा बढ़ गया है। स्थिति की गंभीरता को नगर परिषद हल्के में ले रहा है। शहर के किसी हिस्से में न तो फॉगिंग कराया जा रहा है और न ही जहरीले मच्छरों से निजात के लिए कीटनाशक दवाओं का छिड़काव हो रहा है। ऐसे में स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होते जा रही है। नगर का टेक्सटाइल कॉलोनी 12 महीना जलजमाव के चपेट में रहता है। बरसात में स्थिति और खराब हुई है। खिरौली के अलावे चाणक्य कॉलोनी, नया थाना के पीछे स्थित पासवान टोली, शिवपुरी, साफाखाना रोड, संत कॉलोनी, सुमित्रा महिला कॉलेज रोड आदि जगहों पर लंबे समय से जलजमाव हुआ है। शिक्षक उपेंद्र पाठक का कहना है कि सुबह और शाम के समय में तो मच्छरों का प्रकोप और अधिक बढ़ जाता है। मच्छरों के दंश से मलेरिया के कई मरीज सामने आ चुके हैं। साफाखाना रोड निवासी व भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष शीला त्रिवेदी का कहना है कि मच्छरों के बढ़ते प्रभाव से रहना मुश्किल होते जा रहा है। उनका कहना है कि फागिंग तथा कीटनाशक दवाओं के छिड़काव के लिए नगर परिषद को आगाह किया गया है। बावजूद नगर परिषद द्वारा अब तक कहीं भी फॉगिंग नहीं करवाया गया है। ऐसे में केशव टाइम्स मच्छरों के प्रभाव से होने वाले खतरे को देखते हुए शहरवासियों से यह अपील भी करता है कि मच्छर रोधी उपायों का प्रयास अपने स्तर से करें। ताकी मच्छरों से होने वाले किसी भी तरह के संक्रमण से बच सकें।

शहर को साफ सुथरा रखने के लिए नगर परिषद द्वारा प्रति माह लाखों रुपये खर्च किए जाते है। डोर-टू-डोर कूड़ा के उठाव में भी नगर परिषद वाहवाही लूट चुकी है। प्रत्येक घरों में मुफ्त डस्टबीन तक पहुंचाया गया है। ताकी शहर साफ सुथरा रह सके और लोगों बीमारियों से दूर रहे। लेकिन, इतनी कवायदों के बावजूद नप प्रशासन कचरा प्रबंधन में बूरी तरह से फिसड्डी साबित हुई है। कई प्रयासों व लाखों खर्च के बाद भी नप अवशिष्ट प्रबंधन की तकनीकि नहीं सिख पाया है। जिस कारण शहर से उठाया गया कचरा सीमावर्ती सड़कों के किनारे यूं ही फेंका जा रहा है।

वहीं, रिहायसी इलाकों में लंबे समय से हुई जलजमाव की समस्या काफी गंभीर हो गई है। नगर के टेक्सटाईल कॉलोनी, चाणक्या कॉलोनी, साफाखा रोड के संत कॉलोनी में सालोभर जलजमाव रहता है। साथ ही, स्टेट हाईवे के किनारे खिरौली के पास भी पिछले दो साल से अधिक समय से जल हुआ है। जल जमाव के कारण खिरौली काली मंदिर का परिसर भी घिर चुका है। जिससे श्रद्धालुओं में गहरा आक्रोश है।

## शहर छोटी खबरें

### युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**गाजीपुर।** दिलदारनगर स्टेशन के पूरब में प्लेटफार्म से कुछ हीं दूरी पर बीते मध्य रात्रि में डाउन लूप लाइन में अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जो रेलवे ग्रुप डी की परीक्षा देकर लौट रहा था। मृतक की पहचान स्व. जगदीश कुशवाहा के 32 वर्षीय बेटे राम लखन कुशवाहा रूप में की गई। जीआरपी के चौकी प्रभारी शिव सागर ने बताया कि मृतक की पहचान मिले आधार कार्ड व परीक्षा की एडमिट कार्ड से हुई है। सूचना परिजनों को दे दिया गया। शव को कब्जा में लेकर विधिक कारवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए गाजीपुर भेजा गया।

### मरम्मत के चलते बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**गाजीपुर ।** रविवार यानी की आज जिले के कई विद्युत उपकेंद्रों पर मरम्मत के चलते आपूर्ति बाधित रहेगी। इसमें 132 के वी अंधऊ पावर हाउस पर से निर्गत ग्रामीण 33 के वी महाराजगंज, जंगीपुर, कोर्ट, जखनिया तहसील, मरदह पंप कैनाल, 10 एमवीए के 2 फीडरों की सप्लाई दोपहर एक बजे से 3 बजे तक बंद रहेगी। इसके अलावा हंसराजपुर, रौजा, की सप्लाई दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगी और फीडर पारा, प्रकाश नगर, जखनिया की सप्लाई सुबह 10 बजे से 1 बजे तक बाधित रहेगी।

### गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

**गाजीपुर।** मोहम्मदाबाद पुलिस ने 750 ग्राम नाजायज गांजा बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। महादेवा मन्दिर के सामने पुलिस ने तस्कर को पकड़ लिया। नारद चौधरी पुत्र रामलखन चौधरी निवासी शाहनिन्दा की तलाशी मे 750 ग्राम गाजा बरामद हुआ।

### बारावफात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

**गाजीपुर।** सादात थाने में शनिवार को जखनियां एसडीएम आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में बारावफात पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें एसडीएम ने पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पर्व दिलों को जोड़ने का काम करते हैं। इसलिए हमें इसे मिलजुलकर तथा आपसी सौहार्द के साथ मनाना चाहिए।
उपजिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी को निर्देश दिया कि पर्याप्त फोर्स की तैनाती करें, ताकि पर्व के दौरान किसी प्रकार की कोई गड़बड़ी न हो सके।

### छात्राओं से छेड़छाड़ करने वाला शिक्षक निलंबित

**गाजीपुर।** सैदपुर के एक उच्च प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 6, 7 और 8 में पढ़ने वाली छात्राओं के परिजनों ने शुक्रवार की दोपहर को खंड शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर, प्रधानाध्यापक पर शराब पीकर छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। जिस पर कार्रवाई करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने प्रधानाध्यापक के निलंबन और ट्रांसफर की संस्तुति करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित किया। गौरतलब है कि उच्च प्राथमिक विद्यालय रावल के प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार काफी दिनों से कक्षा 6, 7 और 8 की छात्राओं को गलत तरीके से छूते हुए। पीरियड्स से संबंधित ऊटपटांग सवाल पूछते थे।

# करोड़ों रु. की धोखाधड़ी मामले में सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनी का संचालक गिरफ्तार

- ग्राहकों को लुभावने ऑफर देकर बनाता था अपना शिकार, धोखाधड़ी समेत कई मामले दर्ज
- पुलिस ने जब्त की आरोपित की कार



पुलिस गिरफ्त में गबन का आरोपी अंकित

**केटी न्यूज/वाराणसी**

वाराणसी पुलिस ने आखिरकार निवेशकों के करोड़ों रुपये लेकर फरार रियल सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनी के संचालक अंकित यादव को गिरफ्तार कर लिया। मामले में कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर समेत संचालकों पर वर्ष 2017 में कंपनी के एमडी समेत संचालकों पर 2017 में गबन, धोखाधड़ी समेत अन्य मामलों को लेकर मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद से पुलिस सभी आरोपितों की तलाश के लिए छापेमारी कर रही थी। लेकिन, कई बार पुलिस को चकमा देकर वो फरार हो जाते। लेकिन, शनिवार को छावनी क्षेत्र से फरार रियल सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनी के संचालक अंकित यादव को ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध अनुसंधान संगठन) ने गिरफ्तार किया। मौके से आरोपित की स्विफ्ट कार भी जब्त की गई है। जो गबन की आरोपी कंपनी के अन्य सदस्य के नाम से है। पूरे मामले को यदि एक लाइन में कहा जाए, तो इनके द्वारा गाजीपुर में कंपनी खोलकर करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की गई।

ईओडब्ल्यू के वाराणसी सेक्टर के निरीक्षक सुनील वर्मा के अनुसार गिरफ्तार गाजीपुर के करंडा स्थित गोशंदेपुर निवासी अंकित यादव रियल सनराइज ग्रुप ऑफ कंपनी में मुख्य संचालक की भूमिका में था। कंपनी के एमडी समेत संचालकों पर 2017 में गबन, धोखाधड़ी समेत अन्य आरोपों में मुकदमा दर्ज हुआ था। पूछताछ में आरोपी ने यह बताया है कि रियल सनराइज हॉस्पिटलिटी लिमिटेड और रियल सनराइज केमटेक लिमिटेड और रियल सनराइज मल्टी ट्रेड नामक चिटफंड कंपनी के प्रबंध निदेशक और निदेशकों ने इसका रजिस्ट्रेशन कंपनी रजिस्ट्रार नई दिल्ली और कलकत्ता से कराकर वर्ष 2012 में कार्यालय गाजीपुर में खोला।

इसके निदेशकों और संचालकों ने जनता को झांसा देकर लुभावने योजनाओं का तानाबाना बुनकर करोड़ों रुपये जमा कराये। जिसके बाद वो वर्ष 2016 में जमा धन लेकर फरार हो गए। जिसके पीड़ित जमानिया के बड़ेसर निवासी रामजी सिंह, रामभरोसे प्रजापति और हरेंद्र सिंह ने अक्तूबर 2017 में कोतवाली गाजीपुर में निदेशकों और संचालकों के खिलाफ धोखाधड़ी सहित धन गबन का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, जांच के क्रम में पाया गया कि मामले में पश्चिम बंगाल निवासी प्रबंध निदेशक और निदेशकों के साथ ही स्थानीय निदेशकों और संचालकों की भी संलिप्ता भी। जिसमें अंकित यादव कंपनी में मुख्य संचालक की भूमिका में कार्यरत था। अंकित के पास से बरामद कार गबन में शामिल एक अन्य अभियुक्त के नाम से है, जिसे सीज किया गया।

# बलिया में पूर्व पीएम चंद्रशेखर की प्रतिमा का कल अनावरण करेंगे सीएम योगी

## जिलाधिकारी व एसपी ने तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिया दिशा-निर्देश

- मुख्यमंत्री योगी के बलिया आगमन की खबर के बाद अलर्ट मोड में आया प्रशासन

**केटी न्यूज/बलिया**

जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने चंद्रशेखर उद्यान में पूर्व पीएम चंद्रशेखर की मूर्ति स्थापित है। इस प्रतिमा का अनावरण 10 अक्टूबर को किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बलिया आने वाले हैं, जो स्वयं इस मूर्ति का अनावरण करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी के बलिया आगमन की खबर के बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर आ गया। सारा प्रशासनिक अमला तैयारी में जुट गया है। जिसको लेकर शनिवार की दोपहर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल व एसपी राजकरन नैय्यर दल बल के साथ चंद्रशेखर उद्यान पहुंचकर मूर्ति स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लेकर पूरी तैयारी करने का निर्देश दिया। वहीं, उद्यान की साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मियों समेत कर्मचारी लगा दिए गए हैं। इस दौरान जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां पूरी हैं। जिसको लेकर रविवार को भी अधिकारियों की टीम तैयारियों का जायजा लेगी। ताकि, कार्यक्रम की सफलता और मुख्यमंत्री की सुरक्षा आदि मामलों की गहनता से जांच की जा सके।



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते डीएम एवं एसपी।

### जेपी की जयंती पर गृहमंत्री अमित शाह भी आ रहे बलिया

जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने बताया कि 11 अक्टूबर को जेपी जयंती पर गृहमंत्री अमित शाह बिहार के लाला टोला आ रहे हैं। इसके एक दिन पूर्व मुख्यमंत्री आएंगे। जेपी जयंती के अवसर पर भी मुख्यमंत्री योगी अपनी उपस्थिति दर्ज करा सकते हैं। ऐसे में जो कार्यक्रम काफी अहम माना जा रहा है। इसकी तैयारी को लेकर एक दिन पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बलिया कैंप कर कार्यकताओं को लाला टोला चलने के लिए आह्वान किया है। साथ ही उन्होंने जेपी की जन्मभूमि लाला टोला जाकर तैयारी का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक अमला अपनी तैयारी में जुट गया है। राज्यसभा सदस्य नीरज शेखर व एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू कुछ माह मूर्ति के अनावरण के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात किए



पूर्व पीएम के अनावरण स्थल का जायजा लेते अधिकारी

### सभी अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में संभावित आगमन को देखते हुए रविवार और सोमवार को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने सभी अधिकारियों को मुख्यालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर कोई अधिकारी अवकाश लेकर मुख्यालय से बाहर है, तो उनका अवकाश तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाता है। सभी अधिकारी मुख्यालय पर रहना सुनिश्चित करें। इस संबंध में सिटी मजिस्ट्रेट प्रदीप कुमार के अनुसार मुख्यमंत्री के व्यस्त कार्यक्रमो चंद्रशेखर उद्यान स्थित पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर जी की मूर्ति का अनावरण भी उनके द्वारा किया जाना प्रस्तावित है जिसकी तैयारियां चल रही है।

## एक नजर

### सभासद व चेयरमैन पद के भावी प्रत्याशियों के लिए आम आदमी पार्टी ने जारी किया आवदेन



आवेदन जारी करते आप के जिलाध्यक्ष

**बलिया।** आम आदमी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को नगर निकाय चुनाव में चेयरमैन और सभासद पद के प्रत्याशियों के लिए आवेदन फार्म जारी किया गया। आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनावों के अपने पिछले रिकार्ड को तोड़कर आगे और बेहतर परिणाम के लिए मैदान में उतर रही है। उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव समिति के सदस्य अनूप पांडेय जी ने कहा कि नगरपालिका और नगर निकायों की हालत बद से बद्तर हो चुकी है इसलिए आम आदमी पार्टी इकलौती विकल्प है। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि आज निकाय चुनाव के प्रत्याशियों के लिए आवेदन फार्म जारी किया गया और प्रत्येक निकायों से सैकड़ों की संख्या में सभासद तथा चेयरमैन पद के लिए भावी प्रत्याशियों ने फार्म प्राप्त किया। आज आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत जी ने नगर निकाय प्रभारियों की सूचि जारी किया जिसमें नगर पालिका बलिया से राजकुमार मौर्य, चितबड़ागांव से छोटे लाल चौरसिया, रतसड़ राम दरस यादव, रसड़ा से संत प्रकाश सिंह, नगरा से डॉ. प्रदीप कुमार, बेल्थरा से सद्दाम अंसारी, सिकंदरपुर से विजय राजभर, मनियर से उमा शंकर दुबे, बांसडीह से मुकेश सोनी, सहतवार से दुर्गेश यादव कवि जी, रेवती से ऋषिकेष भारत, बैरिया से मुकेश कुंवर को प्रभारी नियुक्त किया गया है। ये सभी प्रभारी गण वार्डों के प्रत्याशियों का चयन तथा नगर निकाय में चुनाव संचालन की जिम्मेदारी का निर्वाहन करेंगे। आज के इस कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ मुकेश सोनी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार, महिला जिलाध्यक्ष निभा पांडेय, जिला महासचिव राजकुमार मौर्य, जिला उपाध्यक्ष रणविजय गुप्ता, रामदरश यादव, जिला सचिव छोटेलाल चौरसिया, विजय राजभर, संत प्रकाश सिंह, अंजनी तिवारी, अतहर जी, छोटे लाल शर्मा, मेराज अहमद, अमर नाथ यादव, अनूप श्रीवास्तव, सत्येंद्र वर्मा, कलिका प्रसाद गुप्त, शादाब आलम, बिपिन तिवारी, विनोद मानव, बिहारी लाल यादव, अजय कुमार वर्मा, राजकुमार जैसवाल , दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा से बिहार आ रही 62 लीटर शराब बरामद, चालक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



जब्त शराब के साथ पुलिस

**गाजीपुर।** गाजीपुर में शुक्रवार की रात एसओजी और थाना पुलिस के संयुक्त छापेमारी में एक कार से 114 बोतल यानी करीब 61.875 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब पकड़ा है। बरामद अवैध शराब हरियाणा निर्मित है। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। बिरनो थाना के प्रभारी निरीक्षक शीतल चंद ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। तभी एसओजी प्रभारी रामाश्रय राय ने फोन से सूचना दी कि एक तेज रफ्तार हॉन्डा सिटी कार बिरनो की तरफ जा रही है। उसे रोकने की कोशिश की गई थी, लेकिन चालक गाड़ी लेकर भाग निकला। पुलिस ने पिछा करना शुरू किया और लीलापुर बाइपास तिराहा पर बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग शुरू कर दी। कार के पीछे एसओजी प्रभारी की गाड़ी लगी हुई थी। एसओजी प्रभारी कार की लोकेशन देते जा रहे थे। गाड़ी जब लीलापुर तिराहा बाईपास रोड पर पहुंची तो चालक ने बैरिकेडिंग तोड़कर भागने का प्रयास किया। जिस कारण कार डिवाइडर से टकराकर रुक गई। पुलिस ने कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मिथुन पांडेय निवासी बलिया बताया है। भागने का कारण पूछा गया तो बताया कि हरियाणा से अंग्रेजी शराब लेकर बिहार में बेचता हूं। गाजीपुर से भरौली रास्ते से बिहार जाने वाला था। गाड़ी में पीछे वाली सीट के नीचे तहखाना बना है। उसी में शराब की बोतलें रखी हैं। जिसके बाद पुलिस ने सीट के नीचे से अंग्रेजी शराब की नाम से हरियाणा निर्मित 51 बोतलें (750 एमएल) और 63 बोतलें 375 एमएल की बरामद।

# छेड़खानी के आरोप में जमानत पर चल रहे युवक को नकाबपोश अपराधियों ने मारी गोली

- पुलिस बोली मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा, की जा रही है जांच

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिले के जमानियां थाना अंतर्गत मथारे गांव स्थित नहर पुलिया के समीप गुरुवार की देर रात मोटरसाइकिल सवार नकाबपोश अपराधियों ने एक युवक को गोली मारी। जिससे वो बुरी तरह से जख्मी हो गया। जख्मी युवक की पहचान खिदिरपुर गांव निवासी इरफान खां बताया जा रहा है। हालांकि, अच्छी बात यह है कि गोली इरफान के बाएं हाथ के कोहनी में लगकर निकल गई। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से घायल इरफान को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि इरफान पूर्व में किए गए छेड़खानी के मामले में आरोपित पाया गया था। जिसके आरोप में वो जेल में था। बीते 26 सितंबर को जमानत पर बाहर आया था।



घायल युवक

घटना के संबंध में इरफान ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया है कि वह अपनी बाइक से घर जा रहा था। तभी नहर पुलिया पर पहले से बैठे बदमाशों ने रोका और उससे गाली गलौज करने लगे। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक विवाद कर रहे बदमाश उस पर असलहे से फायर कर मौके से फरार हो गए। संयोग से गोली उसके बाएं हाथ के कोहनी में लगी और हाथ में छेद करते हुए बाहर निकल गई। जिसके बाद वो खून से लतपत होकर गिर पड़ा। घटना की जानकारी होते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की तफ्तीश में जुट गई है। पुलिस ने इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़कर अपनी तफ्तीश शुरू की है। जिसमें गोली मारने वाले भी गांव का ही युवक बताए जा रहे हैं। पुलिस ने बताया कि घटना कि तहरीर परिजनों द्वारा दी गई है। जिसके आधार पर जांच कर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# यात्रियों को लूटने वाली बुर्का गैंग को पुलिस ने पकड़ा, सामान भी बरामद



पकड़ी गई महिला गैंग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

बुर्का पहनकर यात्रियों के कीमती सामान को चोरी करने वाली तीन महिलाओं को गाजीपुर आरपीएफ और जीआरपी ने पकड़ा है। सभी आरोपियों को गाजीपुर सिटी स्टेशन से पकड़ा गया है। बताया जाता है कि हरिहर एक्सप्रेस में चढ़ने के दौरान दूध नाथ की पत्नी ललिता देवी के गले से सफर के दौरान मंगलसूत्र चोरी हो गया। जिनकी शिकायत पर सुरक्षा बल ने तीन महिला चोरों को मंगलसूत्र के साथ रेलवे स्टेशन के गेट नंबर 2 के सामने से गिरफ्तार किया। मालूम हो कि महिला चोर भीड़भाड़ वाले सभी रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी से बचने के लिए बुर्का पहन कर ट्रेन में किसी महिला यात्री के चढ़ते समय गले से जेवर, पर्स और कीमती सामान निकाल लेती हैं और साथी को पकड़ा कर बाथरूम में जाकर बुर्का उतार लेती हैं। ताकि, उनकी पहचान न हो पाए। पुलिस के अनुसार इस घटना में भी बुर्का पहनकर चोरी करने का मामला सामने आया है। गिरफ्तार महिलाओं में मऊ जिले के जहानागंज थाना अंतर्गत अमदही निवासी राजन की पत्नी सीमा, चिरैयाकोट थाना अंतर्गत ताजपुर निवासी राम लखन की पत्नी मनीषा तथा ताजपुर निवासी राज की पत्नी पुलू शामिल हैं।

# कोविड-19 के दौरान शिक्षकों को दी गई सुविधाओं को छीन रही सरकार: शर्मा

- उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ का जिला सम्मेलन संपन्न
- सेवानिवृत कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जिला मुख्यालय में शनिवार को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ का जिला सम्मेलन और जनपदीय चुनाव देवकली में आयोजित किया गया। जिसमें सेवानिवृत कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला वित्त लेखाधिकारी चन्दू चन्द्रशेखरन , प्रदेश उपाअध्यक्ष दीपक त्रिपाठी ने क्रमशः मां सरस्वती चित्र के सामने दीप प्रज्वलन व माल्यापर्ण कर किया। मुख्य अतिथि संघ के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि संगठन में वह शक्ति होती है, जिसके बल पर सब कुछ हासिल किया जा सकता है। पिछली सरकारों ने संगठन की मांगों को पूरा किया, जो दिया उसे छीना नहीं। लेकिन, वर्तमान सरकार कोरोना महामारी के नाम पर दी गई हमारी सुविधाओं को छीन रही है। नगर प्रतिकार भत्ता,वेतन आयोग की संस्तुति बंद कर दी गई, मंहगाई भत्ता, घंटों का निर्धारण, लीपीक संवर्ग भर्ती समझौता होने के बाद भी आज तक नहीं किया गया। वहीं, पुरानी पेंशन बहाली की मांग को भी अधर में लटका कर रखा गया है। लोकसभा चुनाव से पूर्व सभी मुद्दों पर निर्णय लेकर संघर्ष तेज किया जायेगा। जिससे हमारी मांगे पूरी हो सके। इसके लिए आप लोगों को एकजुट होकर संघर्ष करना पड़ेगा।




सम्मेलन में शामिल शिक्षकगण

### शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र दिए गए

सम्मेलन में सेवानिवृति दर्जनों शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें प्रधानाचार्य दिनेश कुमार श्रीवास्तव, अवधनारायण यादव, राजेश सिंह, डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह, वंशराज कुशवाहा, मंगला प्रसाद चौबे, प्रदेश मंत्री अवधेश मिश्रा, संगठन मंत्री नीरज पाण्डेय, आशुतोष पाण्डेय, आलोक दिवेदी, दुर्गेश प्रसाद आदि लोगों ने अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान प्रदेश संरक्षक आशादीन तिवारी, मंडल अध्यक्ष कैलाश नाथ सिंह, जिला अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा, महामंत्री संजय पुण्डीर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनूप कुमार द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

### लोकजन शक्ति पार्टी के संस्थापक की मनाई गई पुण्यतिथि

**बलिया।** लोकजन शक्ति पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राम बिलास पासवान की पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल लाइंस स्थित चन्द्र शेखर उद्यान में शनिवार की दोपहर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पुण्य तिथि समारोह की अध्यक्षता प्रांतीय महासचिव झूलन अंसारी ने तथा संचालन डॉ. जनार्दन वर्मा ने किया। इस अवसर पर पार्टी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रान्तीय सचिव इमरान खान ने कहा कि स्व.पासवान हमेशा समाज के दबे कुचलों को न्याय दिलाने के लिए आजीवन संघर्षरत रहे।

# जीयर स्वामी बोलें- राष्ट्र की रक्षा करना सबसे बड़ा धर्म





## बलिया चतुर्मास महायज्ञ में धर्म व राष्ट्र की रक्षा पर संतों ने रखे सुविचार

**केटी न्यूज/बलिया**

परम पूज्य लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में चल रहे चतुर्मास महायज्ञ में शनिवार को 'धर्म महासम्मेलन' का आयोजन किया गया। जिसका विषय अखिल अंतर्राष्ट्रीय धर्म महासम्मेलन तथा अंतर्राष्ट्रीय मानवता संस्कृति जागरण महासम्मेलन था। इस धर्म सांसद सह मानवता जागरण संस्कृति कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन खुद जीयर स्वामीजी महाराज ने किया। धर्म सम्मेलन में भाग लेने के लिए देश के विभिन्न कोनों से सैकड़ो साधु संत व विद्वान पधारे है तो इस धर्म सम्मेलन को सुनने के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश व अन्य जगहों से लाखों की संख्या में धमार्नुरागी आए थे। इससे पूर्व अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन का उदघाटन केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस मौके पर चतुर्मास महायज्ञ के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, यज्ञ समिति के अध्यक्ष राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, बस्ती के सांसद हरीश द्विवेदी, केन्द्रीय मंत्री बक्सर सांसद अश्विनी कुमार चौबे, उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री रजनी तिवारी, अयोध्या के विधायक डॉ. अमित सिंह आदि उपस्थित थे। जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आए दर्जनों विद्वान संतों ने अपने सारगर्भित विचार रखें। इससे पूर्व संचालन के दौरान पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज ने विषय प्रवेश कराते हुए स्वाजी ने कहा कि कोई व्यक्ति चाहे किसी धर्म और किसी संप्रदाय का हो सभी के अंदर राष्ट्र के मुद्दे पर समानता जरूरी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षा सबसे बड़ा धर्म है।

सभी धर्मों के मूल में भी राष्ट्र प्रेम की बातें होनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि जिनके अंदर राष्ट्र के प्रति प्रेम नहीं उसे इस देश में रहने का अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों के हृदय में राष्ट्रभक्ति को जगाकर धार्मिक उन्माद को रोका जा सकता है।

धर्म सम्मेलन को भागवत कथा व्यास डा श्याम सुंदर परासर जी, गया पीठाधीश्वर अनंत विभूषित स्वामी वेंकटेश प्रपन्नाचार्य, वाराणसी के मुमुक्षु नारायण स्वामी, देवरिया पीठाधीश्वर स्वामी राजनारायणाचार्य, जम्मू कश्मीर से आए स्वामी सत्यनारायणाचार्य, वाराणसी के पुंडरीक शास्त्री, कथा व्यास कृष्णाचंद्र ठाकुर, बिहार के पूर्व डीजीपी कथा ब्यास गुप्तेश्वर पांडेय, केन्द्रीय मंत्री साध्वी निरंजना ज्योति, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राज्य सभा सांसद नीरज शेखर, मारूति किंकर जी महाराज, विष्णुचित स्वामी, राजगोपाला चार्य, जोगेशाचार्य जी महाराज, महाराष्ट्र से पधारे जगतगुरू राज राजेश्वर स्वामी जी महाराज आदि उच्च कोटि के संतों ने अपने-अपने विचार रखे।











## बुरा कर्म छोड़ना ही धर्म का पहला मार्गः जीयर स्वामी

**केटी न्यूज/बलिया**

जीयर स्वामी महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि जीवन और मृत्यु के बीच का बंधन कर्म है। कर्म के अनुसार ही मनुष्य जीवन व मृत्यु के बीच सफर करता है। इसलिए मनुष्य को कर्म करने के प्रति सतर्क रहना चाहिए। धर्म करने का सबसे पहला मार्ग यही है कि बुरा कर्म करना छोड़ देना चाहिए। धर्म व पूजा-पाठ करते रहे, यज्ञ में हिस्सा लेते रहे और बुरा कर्म करते रहे, तो इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है। धर्म करने के पहले यह फैसला कर लेना चाहिए कि हमें बुरा कर्म नहीं करना है। यदि हमने कुछ गलती कर भी दिया है तो उसे अपने आप अंदर प्रायश्चित करना चाहिए। स्वामी जी ने बताया कि यज्ञमंडप की परिक्रमा करने से सभी जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं। परिक्रमा करने के लिए कोई गिनती की अवधारणा नहीं की गई है। जितनी बार मर्जी, परिक्रमा कर सकते हैं। एक बार, 11 बार, 21 बार, 101 बार या जितना मर्जी चाहे। 33 कोटि देवता यज्ञ मंडप में विराजमान होते हैं।

## महायज्ञ और धर्म संसद में हिस्सा लेने के लिए पूरे दिन लगा रहा भक्तों का आना जाना

- लाखों लोगों ने मंडप की परिक्रमा कर किया प्रसाद ग्रहण
- धर्म सम्मेलन के दौरान सभा स्थल पर था पिन ड्राप साइलेंस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

महर्षि भृगु के पावन भूमि पर परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित चतुर्मास महायज्ञ तथा अंतर्राष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए पूरे दिन श्रद्धालु भक्तों का आना जाना लगा रहा। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है महायज्ञ स्थल से दस किलोमीटर की दूरी तक सभी दिशाओं में वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। सबसे अधिक भीड़ जनेश्वर मिश्र पुल के सहारे बिहार के बक्सर, भोजपुर, रोहतास व कैमूर जिले से आ रही थी। वहीं, माझी पुल के रास्ते सारण के भी श्रद्धालु आ रहे थे। महायज्ञ आयोजन समिति की मानें तो शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायज्ञ मंडप की परिक्रमा कर प्रसाद ग्रहण किया है। जबकि धर्म संसद शुरू होते ही वहां उपस्थित लाखों श्रद्धालु शांत हो संतों तथा विद्वानों की बातों को सुन रहे थे। इस दौरान सभा स्थल के साथ ही पूरे महायज्ञ परिसर में पिन ड्राप साइलेंट की स्थिति बनी रही। सिर्फ वक्ता बने संतो तथा विद्वानों की आवाजे ही सुनाई पड़ रही थी। इतनी बड़ी भीड़ में ऐसी शांति व शिष्टता भी अपने आप में एक मिशाल थी। लोग इसका श्रेय पूज्य जीयर स्वामी जी महाराज को दे रहे थे। धर्म सम्मेलन के संपन्न होने के बाद ही श्रद्धालु वहां से टस से मस हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस भी मौजूद रही। लेकिन, श्रद्धालुओं की विनम्रता व शिष्टता के चलते पुलिस को कोई खास मशक्कत नहीं करनी पड़ी।

### सांस्कृतिक संध्या में भी गोते लगाते रहे श्रोता

महायज्ञ में अंतर्राष्ट्रीय धर्म महासम्मेलन व अंतर्राष्ट्रीय मानवता संस्कृति जागरण महासम्मेलन के बाद सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया था। जिसमें युवा भोजपुरी गायक अंकुश राजा ने पूज्य स्वामी जी महाराज पर गीत गाकर उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसके बाद भोजपुरी के चर्चित गायक भरत शर्मा तथा दिल्ली भाजपा अध्यक्ष मनोज तिवारी 'मृदुल' ने भी अपने-अपने गीतों से खूब मनोरंजन किया। भोजपुरी गायकों के गीतों के केन्द्र में पूज्य स्वामी जी, भक्ति गीत तथा सामाजिक सरोकार से जुड़े विषय पर आधारित गीत रहे।